दिनांक : 16.12.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और शाह अब्दुल्ला द्वितीय आज अम्मान में भारत-जॉर्डन व्यापार सम्मेलन को करेंगे संबोधित।
- विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध मध्यप्रदेश के विज्ञन पर विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र कल होगा।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज करेंगे सिंगल क्लिक से अनुग्रह सहायता योजना के 160 करोड़ रुपए का वितरण।
- ग्वालियर में तानसेन समारोह का आज दूसरा दिन।

प्रधानमंत्री-इथियोपिया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन देशों की अपनी यात्रा के दूसरे चरण में आज शाम दो दिन की यात्रा पर इथियोपिया की राजधानी अदीस अबाबा पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं पर इथियोपिया के प्रधानमंत्री डॉक्टर अबी अहमद अली के साथ व्यापक विचार-विमर्श करेंगे। वहीं, प्रधानमंत्री मोदी और जॉर्डन के किंग शाह अब्दुल्ला द्वितीय आज अम्मान में भारत-जॉर्डन व्यापार सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल अम्मान में जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला द्वितीय इब्न अल हुसैन के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। यह वार्ता राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष पूरे होने की तैयारियों के मद्देनजर घनिष्ठ साझेदारी का परिचायक है।

गोयल-मीडिया ब्रीफिंग

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि पिछले 11 वर्ष में देश में सौर ऊर्जा उत्पादन में 46 प्रतिशत वृद्धि हुई है। ऊर्जा क्षेत्र में हुए विकास पर श्री गोयल ने कल नई दिल्ली में कहा कि भारत अब कोयले का चौथा सबसे बड़ा शोधन केंद्र है। उन्होंने पिछले वर्ष एक अरब टन से अधिक कोयले के उत्पादन और आयात में आठ प्रतिशत की कमी का उल्लेख किया। श्री गोयल ने बताया कि पवन ऊर्जा क्षमता अब बढ़कर 53 गीगावाट हो गई है।

विधानसभा विशेष सत्र

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार की दो वर्ष की ऐतिहासिक उपलब्धयिं पर विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र कल आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर विधानसभा में मध्यप्रदेश विधानसभा की 7 दशक की यात्रा एवं प्रदेश सरकार के दो वर्ष के कार्यों पर केन्द्रित विशेष प्रदर्शनी भी लगाई जा रही है, जिसका शुभारंभ राज्यपाल मंगुभाई पटेल करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने बताया कि 17 दिसंबर का दिन मध्यप्रदेश विधानसभा के इतिहास में महत्वपूर्ण है। 17 दिसम्बर 1956 को मध्यप्रदेश विधानसभा की प्रथम बैठक हुई थी। इस विशेष सत्र में सभी सदस्य विकसित मध्यप्रदेश के विजन को धरातल पर उतारने के लिए क्या कदम उठाना चाहिए, इस पर अपने विचार व्यक्त करेंगे।

नक्सल-मुक्त प्रदेश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश ने लगभग 35 साल नक्सलवाद का दंश झेला। यह एक बड़ी चुनौती थी, पर राज्य सरकार की पुनर्वास नीति और नक्सल विरोधी अभियान में शामिल जवानों की प्रतिबद्धता से 11 दिसंबर 2025 को नक्सलवाद प्रदेश के नक्शे से पूरी तरह मिटा दिया गया। यह दिन प्रदेश में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में लिखा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि नक्सलवाद और लाल आतंक देश के हर हिस्से में विकास आधारित गतिविधियों में बाधक था। अब नक्सलमुक्त क्षेत्रों में विकास को एक नई दिशा और एक नई रफ्तार मिलेगी।

विजय दिवस

आज विजय दिवस है। भारत की पाकिस्तान पर 1971 की युद्ध विजय की याद में प्रत्येक वर्ष 16 दिसंबर को विजय दिवस मनाया जाता है। इस युद्ध के परिणामस्वरूप बांग्लादेश को स्वतंत्रता मिली थी। इस दिन, राष्ट्र उन वीर योद्धाओं के सर्वोच्च बलिदान को याद करता है जिनकी कहानियां हर भारतीय को प्रेरित करती हैं और राष्ट्रीय गौरव का स्रोत बनी हुई हैं। वहीं पूर्व संध्या पर भारतीय सेना ने कल नई दिल्ली स्थित आर्मी हाउस में विजय दिवस के उपलक्ष्य में ऐट होम कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु उपस्थित रही।

मुख्यमंत्री-संबल योजना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव संबल योजना के अंतर्गत आज मंत्रालय से अनुग्रह सहायता के 7 हजार, 227 प्रकरणों में 160 करोड़ रुपए सिंगल क्लिक के माध्यम से वितरित करेंगे। कार्यक्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, अलग-अलग स्थानों पर मंत्री गण और स्थानीय जन प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

तानसेन समारोह-मुख्यमंत्री

भारतीय शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में देश के प्रतिष्ठित महोत्सव ग्वालियर में हो रहा "तानसेन संगीत समारोह" का आज दूसरा दिन है। समारोह का शुभारंभ कल मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने मुख्यमंत्री निवास से वर्चुअल माध्यम से किया। समारोह 19 दिसम्बर तक आयोजित होगा। ग्वालियर

में तानसेन समारोह के शुभारंभ के साथ ही राष्ट्रीय तानसेन अलंकरण एवं राजा मानसिंह तोमर सम्मान समारोह का आयोजन भी किया गया। पेश है हमारे संवाददाता नवीन श्रीवास्तव की एक रिपोर्ट ...

भोपाल मेट्रो

भोपाल मेट्रो के कॉमर्शियल रन की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। 20 दिसंबर को केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर और मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव मेट्रो को हरी झंडी दिखाएंगे। मिंटो हाल में शाम करीब सवा चार बजे लोकार्पण कार्यक्रम होगा। मंत्रियों का काफिला शाम पांच बजे सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन पहुंचेगा। यहां से केंद्रीय मंत्री और सीएम के साथ कई मंत्री और पत्रकार एम्स मेट्रो स्टेशन तक सफर करेंगे। एम्स मेट्रो स्टेशन पर सीएम मीडिया से चर्चा करेंगे।

नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप

भारतीय निशानेबाज मनु भाकर और सिमरनप्रीत कौर बरार ने कल 68वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप के 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल इवेंट में स्वर्ण पदक जीते।

फाइनल में मनु भाकर ने 36 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक सुनिश्चित किया, जबकि दिव्या ने 32 के स्कोर के साथ रजत पदक जीता। वहीं, अंजलि चौधरी ने 28 टारगेट हिट करके कांस्य पदक जीता।

मौसम

प्रदेश में तेज सर्दी के साथ ही कई इलाकों में घना कोहरा छाने लगा है। मौसम विभाग ने 14 जिलों के लिए कोहरे का अलर्ट जारी किया है। इस बीच, प्रदेश का एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी एक बार फिर सबसे ठंडा रहा। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार राजगढ़ और पचमढ़ी में प्रदेश का सबसे कम न्यूनतम तापमान 5.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

समाचार संक्षेप में .....

- सतना जिले में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में कल विशेष हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।
- खण्डवा में मिशन अमृत संचय‘‘ अभियान के तहत जल संरक्षण के नवाचारों के सम्बंध में परिचर्चा के लिए कल किशोर कुमार सभागृह में कार्यशाला आयोजित की गई है।
- जबलपुर में कल अधिकारियों की कार्यदक्षता और संवर्धन के लिए सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 तथा वन और वन्य जीव अधिनियम 1972 के अपराधों के अन्वेषण में अभियोजन की भूमिका विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया
- नर्मदापुरम जिले की सिवनी मालवा पुलिस ने एक नई पहल ‘सजग प्रहरी-आपका सफर, हमारी जिम्मेदारी’ की शुरुआत की है। जिसके तहत उन सूने घरों की निगरानी की जाएगी, जिनके मालिक लंबे समय के लिए बाहर जा रहे हैं।
- 26 जनवरी-गणतंत्र दिवस और 30 जनवरी-गांधी निर्वाण दिवस को शहर की सभी मांस विक्रय की दुकानें बंद रहेंगी
- गुना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आरोन में अब प्रतिदिन नाक-कान-गला विशेषज्ञ अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे।
- पन्ना जिले के 250 तीर्थ यात्री मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत 22 दिसम्बर को रामेश्वरम-मदुरई की तीर्थ यात्रा के लिए रवाना होंगे।

-------